दिन–गुरुवार दिनांक– 19 / 03 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज समृद्धि यात्रा के दौरान मुंगेर जिले में सत्तासी करोड़ रूपये की लागत वाली बावन योजनाओं का उद्घाटन किया। साथ ही बत्तीस करोड़ रूपये लागत की छब्बीस योजनाओं का शिलान्यास भी किया। मुख्यमंत्री यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रमों में शामिल हो रहे हैं। श्री कुमार लखीसराय जिले में दो सौ आठ करोड़ रूपये लागत वाली एक सौ चौवालीस योजनाओं का शिलान्यास और एक सौ अठारह करोड़ रूपये लागत वाली एक सौ सत्रह योजनाओं का उद्घाटन करेंगे।

————————————————————————

जदयू के निवर्तमान अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए नामांकन करेंगे। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नामांकन की अंतिम तारीख बाईस मार्च है। एक से अधिक नामांकन होने पर सत्ताईस मार्च को चुनाव होंगे। यदि एक ही नामांकन हुआ तो नाम वापसी के दिन ही राष्ट्रीय अध्यक्ष के परिणाम की घोषणा कर दी जाएगी।

————————————————————————

केन्द्र सरकार ने टोल अनुपालन और डिजिटल प्रर्वतन को सशक्त बनाने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क नियम–दो हजार छब्बीस में संशोधन किया है। इस संबंध में जारी अधिसूचना के अनुसार टोल नहीं चुकाने वाले वाहन मालिकों को अब इलेक्ट्रानिक माध्यम से नोटिस भेजा जायेगा। सूचना का जवाब नहीं देने पर या राशि जमा नहीं करने पर उपयोगकर्ताओं को दोगुना टोल शुल्क देना होगा।

————————————————————————

मौसम विभाग ने कहा है कि अगले अड़तालीस घंटों के दौरान प्रदेश के अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस अवधि में न्यूनतम तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस तक की कमी हो सकती है। इधर, पिछले चौबीस घंटों में राज्य का मौसम शुष्क बना रहा। इस दौरान छत्तीस दशमलव चार

डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ कैमूर का भभुआ प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। शेष स्थानों का तापमान तीस डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया।

———————————————————————

चैत्र नवरात्र का शुभारंभ हर्षोल्लास के साथ हुआ। नौ दिवसीय पर्व को लेकर प्रदेशभर में श्रद्धा और उत्साह का माहौल है। विभिन्न जिलों से हमारे संवाददाताओं ने बताया कि विभिन्न मंदिरों और शक्तिपीठों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ देखी जा रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने चैत्र नवरात्र पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं।

———————————————————————

ईद का चांद आज दिखने की सम्भावना है। यदि आज चांद दिखता है तो कल ईद मनायी जायेगी। आज चांद नहीं दिखने की स्थिति में ईद शनिवार को मनायी जायेगी। उलेमाओ ने लोगों से इमारत–ए–शरिया और खानका–ए–मुजीबिया में स्थापित कंट्रोल रूम पर चांद दिखने की सूचना देने की अपील की है।

———————————————————————

पश्चिम चंपारण जिले के एडीएम सह–जिला आपूर्ति पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा ने कहा है कि जिले में एलपीजी गैस सिलेंडरों की उपलब्धता पर्याप्त संख्या में है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन एलपीजी गैस वितरण को लेकर सक्रिय और सतर्क है तथा आपूर्ति नियमित बनी हुई है।

———————————————————————

अररिया की उप विकास आयुक्त सह जिला चयन समिति की अध्यक्ष रोजी कुमारी की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री श्रम शक्ति योजना के तहत असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन पद के लिए काउंसलिंग हुयी, जिसमें पचास अभ्यर्थी शामिल हुए।

———————————————————————

शेखपुरा के जिलाधिकारी शेखर आनंद ने पेंशन योजना के लाभुकों की जागरूकता के लिए रथ रवाना किया। रथ के माध्यम से सभी लाभुकों को इकतीस मार्च तक जीवन प्रमाण पत्र बनवाने और जमा करने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।